बरसाने वारी दिल में बसी तू तो राधा प्यारी

बरसाने वारी दिल में बसी तू तो राधा प्यारी
प्यारे बनवारी धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी

गोरा मुखड़ा चंद्र चकोरी बरसाने की तू तो छोरी,
तेरी छवि न्यारी दिल में बसी तू तो राधा प्यारी,
प्यारे बनवारी धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी

प्यारो लागे मोहे श्याम साँवरिया,
गजब बजे तेरी प्यारी मुरलिया मेरे गिरधारी,
धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी मेरे बनवारी,
धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी

आजा राधा जमना किनारे,
मेरी बंसी तोय पुकारे दिल लड़जाइ,
दिल में बसी तू तो राधा प्यारी प्यारे बनवारी,
धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी

सर पे मुकत मोर को चंदा,
प्यारो लागे मोहे तू गोविंदा सूरत तेरी प्यारी,
धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी प्यारे बनवारी,
धुन मुरली की मोहे लागे प्यारी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21214/title/barsane-vari-dil-me-basi-tu-to-radha-pyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |